ना भागे इसका पूरा ख्याल रखें और लॉकडाउन का पालन अच्छी तरह से करवायें। इसके बाद दो किराना दुकान का जांच की सामग्री की कीमतों की पूछताछ की। उसके बाद वहां से जारी के लिए रवाना हो गए। मौके पर एलआरडीसी, बीडीओ युनिका शर्मा उपस्थित थीं।

... कर्तव्य बनता है कि वे कर्मियों का मनोबल बढ़ाएं न ही उन्हें ...

... साथ ही संक्रमण का खतरा बढ़ेगा। इसलिए लोग स्वयं जागरूक होकर ...

... को परेशान करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई के लिए प्रशासनिक सहयोग लिया जाएगा।

... के अनुपालन करना होगा। जिला प्रशासन ने इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में रबि फसल की कटाई एवं अन्य फसलों तथा सब्जियों की बुआई का समय है ऐसे में लॉक डाउन के कारण लोग घर से नहीं निकल रहे हैं, जिससे कृषि का कार्य प्रभावित हो रहा है।

हाथी मुआवजा के 4.70 लाख का चेक परिजनों को मिला

बसिया | वनपाल एंथोनी लकड़ा ने जंगली हाथियों द्वारा कामडारा थाना क्षेत्र के बकसपुर कीनूटोली गांव निवासी भैरो लोहरा, के पुत्र को कुचलकर मारने पर उनके परिजन को मुआवजा के रूप 3 लाख 80 हजार रुपया का चेक दिया। वहीं केनालोया निवासी सुनील टोपनो को घायल करने पर 90 हजार का मुआवजा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पंचा मुखिया बसन्त गुड़िया उपस्थित थे।

अभियान • स्वयं सेवी संस्था प्रदान ने जरूरतमंदों के बीच 1200 खाने का किट और पांच हजार मास्क बांटे

प्रदान का 5 कोरोना जागरुकता रथ रवाना

भास्कर न्यूज़ | कामडारा

स्वयं सेवी संस्था प्रदान द्वारा शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कार्यालय से पूरे प्रखंड के गांव, टोला एवं मोहल्लों में लोगों के बीच नोवेल कोरोना वायरल के प्रति जागरुकता लाने हेतु पांच कोरोना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस जागरूक रथ को कामडरा बीडीओ पवन महतो व अंचलाधिकारी दीप्ति कुजूर एवं प्रदान संस्था के अंकित के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। जागरूकता रथ प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव में लोगों कोरोना के प्रति ध्वनि यंत्र से जागरूक करेंगे।

ज्ञात हो कि प्रदान संस्था कोरोना वायरस एवं गरीब, जरूरतमंद, वंचित कोई भूखा ना सोए इसके लिए पूर्णतया सजग है तथा इस मुहिम पर प्रखंड प्रशासन को भी अपना भरपूर सहयोग कर रही है। इस संबंध में प्रदान संस्था के अंकित ने बताया कि प्रदान संस्था के तत्वाधान में अजीम प्रेमजी परोपकारी पहल की वित्तीय सहायता से जागरूकता रथ के साथ साथ लॉकडाउन तक सभी मुखिया को एक एक ऑटो की व्यवस्था की जाएगी ताकि बाहर से आए लोगों को अस्पताल,कोरोनटाइन सेंटर भेजा जा सके, राशन गरीब जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके। वहीं लॉकडाउन के दौरान किसी भी जरूरत पर मुखिया प्रखंड कार्यालय तक आ सके। प्रदान संस्था द्वारा 1200 खाने का किट गरीब वंचित परिवार को आवंटित करेगी, 200 कार्यकर्ता को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। संस्था द्वारा सभी क्वारेंटाइन सेंटर में खाने की व्यवस्था की जायगी। पांच हजार मास्क का भी वितरण किया जाएगा एवं एएनएम, मुखिया,प्रदान एवं प्रखंड प्रशासन के लिए सी सुरक्षा किट विथ एन 95 मास्क इत्यादि देकर जल्द ही संस्था द्वारा प्रशासन का सहयोग किया जाएगा। इस कार्यक्रम प्रदान संस्था से अंकित, मेराज, प्रवीण एवं खेरोदन एवं सभी पंचायत के मुखिया पंचायत सेवक इत्यादि उपस्थित थे।

घाघरा में भी निकाला जागरुकता रथ

घाघराग्रप्रदान एवं महिला विकास मंडल घाघरा के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को जागरुकता रथ निकाला गया। जिसे बीडीओ विष्णु देव कच्छप एवं प्रदान संस्था के जितेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ प्रखंड परिसर से रवाना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने यह रथ घाघरा प्रखंड क्षेत्र के 120 गांवों का दौरा करेगा एवं लोगों को कोरोना वायरस से संबंधित जानकारियां एवं उससे बचाव के उपाय बतलाए एवं लोगों को जागरूक करने का काम करेगा। वही प्रदान के जितेंद्र कुमार ने की जागरुकता रथ अगले 10 दिनों तक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों को जागरूक करने का काम करेगा।

2704 संदिग्धों को ... क्वारेंटाइन में भेजा गया

लॉकडाउन ...